पत्र संख्या-स्था-1-चल-अचल सम्पत्ति / 2021-22/ 221 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक :: 05/ ~~04~~ मई/2021

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / ग्रेड-2, वाणिज्य कर उ0प्र0।
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर / डिप्टी कमिश्नर /
असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त वाणिज्य कर अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
समस्त संयुक्त निदेशक / उप निदेशक / सांख्यिकीय अधिकारी /
एवं अपर सांख्यकीय अधिकारी, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

कृपया शासन के कार्मिक अनुभाग-1 के पत्र संख्या-9/1/1973-कार्मिक-1, दिनांक 24-10-1978 तथा पत्र संख्या-13/18/1985-कार्मिक-1, दिनांक 15-07-1985 के क्रम में मुख्यालय के पत्र संख्या 11 दिनांक 02-04-2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके क्रम में मुख्यालय के पत्र संख्या 15, दिनांक 01-04-2021 से वाणिज्य कर विभाग के अन्तर्गत कार्यरत समस्त अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2020-21 के चल/अचल सम्पत्ति की घोषणा दिनांक 30-04-2021 तक आनलाईन अपलोड करने के निर्देश निर्गत किये गये थे। इसके अतिरिक्त मुख्यालय के पत्र संख्या चरित्र पंजिका/परिपत्र/सामान्य वार्षिक प्रविष्टि/2021-22/47/वाणिज्य कर दिनांक 07-04-2021 द्वारा वाणिज्य कर विभाग के अन्तर्गत कार्यरत समस्त अधिकारियों को अपने वार्षिक कार्य विवरण को दिनांक 15-05-2021 तक आनलाईन अपलोड किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान समय में विभाग में कोविड महामारी से लगभग 800 अधिकारी/कर्मचारी संक्रमित हैं। अतः सम्पत्ति विवरण का प्रारूप जिसे अपलोड करने की तिथि पूर्व में दिनांक 30-04-2021 निर्धारित की गयी थी को दिनांक 31-05-2021 तक बढाया जाता है एवं इसी क्रम में वार्षिक कार्य विवरण जिसे आनलाईन अपलोड करने की तिथि पूर्व में दिनांक 15-05-2021 निर्धारित की गयी थी को दिनांक 30-06-2021 तक बढाया जाता है।

(मिनिस्ती एस0)
कमिश्नर वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-
1- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।
2- कम्पयूटर आपरेटर स्थापना राजपत्रित अनुभाग।

05/05/2021
(अजय कुमार सिंह)
डिप्टी कमिश्नर (स्था0 राज0) वाणिज्य कर
मुख्यालय लखनऊ।